भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
मौखिक प्रश्न सं. 114
गुरूवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तेलंगाना में पर्यटन का विकास

114 श्री रविचंद्र वद्‌दीराजू:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने तेलंगाना राज्य में पर्यटन स्थलों को विकसित करने की पहल की है अथवा वह ऐसा करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) संबंधित विकास कार्यों के लिए पहचान किए गए स्थलों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस संबंध में राज्य सरकार से कोई विस्तृत परियोजना रिपोर्टें प्राप्त हुई है; और

(ङ) वर्तमान में परियोजनाओं की स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ड.): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

श्री रविचंद्र वद्दीराजू द्वारा तेलंगाना में पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 01.08.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 114 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (ड.): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' और 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार तथा आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक केंद्रीय क्षेत्र की अपनी योजनाओं के माध्यम से तेलंगाना राज्य सहित, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों में सहायता करता है । पर्यटन मंत्रालय ने तेलंगाना राज्य में स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत तीन-तीन परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है । इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने 'केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजना के अंतर्गत तेलंगाना में दो परियोजनाओं को स्वीकृति दी है । स्वदेश दर्शन, प्रशाद और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य एवं पर्यटन - केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी तथा जिम्मेदार पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को हाल ही में स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है । राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के परामर्श से और योजना दिशानिर्देशों के अनुसार मंत्रालय ने तेलंगाना में 'भोंगीर' और 'अनंतगिरि' सहित स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत विकास हेतु देश में 57 गंतव्यों को चिह्नित किया है और वित्तीय वर्ष 2023-24 में इन गंतव्यों में निम्नलिखित परियोजनाओं/हस्तक्षेपों को स्वीकृति दी है:

क्र. सं.	**गंतव्य**	**परियोजना/हस्तक्षेपों के नाम**	**लागत (करोड़ रु. में)**	**भौतिक स्थिति**
1	भोंगीर	भोंगीर फोर्ट एक्सपीरिएंशियल जोन	56.81	कार्यान्वयनाधीन
2	अनंतगिरि	अनंतगिरि जंगल में इको पर्यटन जोन	38.00	कार्यान्वयनाधीन

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' (सीबीडीडी) नामक उप-योजना के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए हैं जिनके तहत मंत्रालय ने तेलंगाना में 'नलगोंडा' और 'कामारेड्डी' सहित देश में विकास हेतु 42 गंतव्यों को चिह्नित किया है । इसके अतिरिक्त मंत्रालय ने प्रशाद योजना के अंतर्गत विकास हेतु हैदराबाद के 'बलकमपेट येल्लम्मा मंदिर' को चिह्नित किया है ।

*****

अनुबंध

श्री रविचंद्र वद्दीराजू द्वारा तेलंगाना में पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 01.08.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 114 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन, प्रशाद और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं

क्र. सं.	**योजना**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**	**भौतिक प्रगति**
1.	स्वदेश दर्शन	2015-16	महबूबनगर जिले में इको पर्यटन परिपथ का विकास	91.62	पूर्ण
2.		2016-17	मुलुगु-लकनावरम- मेदावरम- तडवई- दमरावी- मल्लुर- बोगथा झरने का विकास	79.87	पूर्ण
3.		2017-18	कुतुब शाही-हेरिटेज पार्क पैगाह के मकबरे- हयात बख्शी मस्जिद- रेमंड के मकबरे का विकास	96.90	कार्यान्वयनाधीन
4.	प्रशाद	2020-21	जोगुलम्बा देवी मंदिर का विकास	38.90	कार्यान्वयनाधीन
5.		2022-23	रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास	62.00	कार्यान्वयनाधीन
6.		2022-23	भद्राचलम में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास	41.38	कार्यान्वयनाधीन
7.	केंद्रीय एजेंसियों को सहायता	2022-23	हैदराबाद के संजीवैया पार्क में वाटर स्क्रीन और म्यूजिकल फाउंटेन के साथ मल्टीमीडिया लेजर शो	50.00	कार्यान्वयनाधीन
8.		2022-23	उस्मानिया कला विश्वविद्यालय, हैदराबाद में डिजिटल मल्टीमीडिया प्रौद्योगिकी और प्रकाश व्यवस्था का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग	11.79	पूर्ण

*****